Scanned with CamScanner

न्यूज गैलरी

कन्या कॉलेज में बालिका सम्मेलन स्वास्थ्य संबंधी दी जानकारी

स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देतीं।

कांकेर। नईदुनिया न्यूज

शासकीय इंदरू केंवट कन्या महाविद्यालय में किशोरी बालिका सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिले को दिसंबर तक खुले में शौचमुक्त करने समस्त महाविद्यालय में अध्ययनरत बालिकाओं की भूमिका को ध्यान में रखते हुए सम्मेलन में बालिकाओं को स्वास्थ्य, व्यक्तिगत हाइजीन, शौचालयों का उपयोग, पोषण आहार व उसके रखरखाव की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में ट्रेनर आर वट्टी महिला व बाल विकास विभाग, हर्षिता देवांगन एनजीओ ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने जनजागरूकता के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्राओं सहित महाविद्यालय के समस्त छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में ग्रंथपाल डॉ. क्षमा ठाकुर, सहायक प्रध्यापकों में ममता सेन, प्रीति पटेल, वंदना विश्वकर्मा, रीना कोर्राम, दीप्ति सोनी, गायत्री मेश्राम, राजकुमारी गढ़पाले की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम आयोजन में वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो.बी समुंद, प्रो.जेके बारले, डॉ. आरपी टन्डन, प्रो. सुनील साहू, प्रो. डीआर टंडन, प्रो. मनोज गोटी, प्रो. अजय कुमार पटेल, प्रो. जीएस बघेल आदि उपस्थित थे।

Scanned with CamScanner